पंजाब केसरी 25/04/2025



सुदर्शन कुमार बंसल मैमोरियल राष्ट्रीय भाषण प्रतियोगिता की विजेता प्रगति को सम्मानित करते जी.एम.एन. कॉलेज की प्रगति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सुदर्शन परिवार के सी.एम.डी. अनुभव अग्रवाल। (संजय)

# सुदर्शन कुमार बंसल मैमोरियल राष्ट्रीय भाषण प्रतियोगिता में प्रगति ने जीता प्रथम स्थान

अम्बाला, 24 अप्रैल (बलराम): सुदर्शन कुमार बंसल मैमोरियल राष्ट्रीय भाषण प्रतियोगिता में जी.एम.एन. कॉलेज की प्रगति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शहर के एम.डी.एस.डी. कॉलेज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान सुदर्शन परिवार के सी.एम.डी. अनुभव अग्रवाल ने प्रगति को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

जी.एम.एन. कॉलेजं के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने इस उपलब्धि के लिए प्रगति एवं हिन्दी विभाग को बधाई देते हुए कहा कि कॉलेज के लिए यह गौरव का विषय है और इससे अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी। हिन्दी विभागाध्यक्ष डा. रितु गुप्ता ने प्रगति को उसकी शानदार उपलब्धि पर बधाई देते हुए स्नेहिल आशीर्वाद दिया। हिन्दी विभाग के डा. राजेंद्र देशवाल ने बताया कि हमारे महाविद्यालय की छात्रा ने जीत पर अपने सफल हस्ताक्षर किए। इस तरह की प्रतियोगिताएं व्यक्ति की मौलिक प्रतिभा को जागृत एवं सार्वजनिक करने का माध्यम होती है।